# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच वन प्रभाग, बहराइच।

**पत्रांक 5725 / 2–6, दिनांक, बहराइच, जून, 13 /2022.**

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषय :– **बहराइच–गोण्डा मार्ग एस0एच0–30 के कि0मी0 4.150 से कि0मी0 15.000 तक मार्ग के सुदृढ़ीकरण में प्रभावित संरक्षित वन भूमि 15.330 हे0 के क्रम में दोगुने क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु वन भूमि उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि बहराइच वन प्रभाग, बहराइच के अन्तर्गत बहराइच–गोण्डा मार्ग एस0एच0–30 के कि0मी0 4.150 से कि0मी0 15.000 तक मार्ग के सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव सुप्रीटेन्डिंग इंजीनियर, वर्ल्ड बैंक प्रोजेक्ट सर्किल, पी0डब्ल्यू0डी0 लखनऊ द्वारा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त हुआ है। उक्त परियोजना में इस वन प्रभाग से 15.330 हे0 संरक्षित वन भूमि प्रभावित हो रही है जिसके क्रम में प्रभावित होने वाले संरक्षित वनभूमि के सापेक्ष वृक्षारोपण हेतु दोगुने वनभूमि की आवश्यकता है, जो इस वन प्रभाग में उपलब्ध नही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त परियोजना में इस वन प्रभाग के अन्तर्गत 15.330 हे0 संरक्षित वन भूमि प्रभावित हो रही है जिसके क्रम में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु दोगुने वनभूमि अर्थात 30.660 हे0 वनभूमि के दस चरणों का प्राक्कलन अनुरक्षण सहित, क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित वनभूमि की उपलब्धता व उपयुक्तता प्रमाण पत्र, क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित भूमि का वन घनत्व का प्रमाण पत्र, Geo Coordinates, जियो रेफरेन्स डिजिटल मैप, टोपोशीट, के0एम0एल0 फाइल तथा उससे सम्बन्धित सी0डी0 हस्ताक्षरयुक्त आदि अभिलेख शीघ्र उपलब्ध करवाने का कष्ट करें, ताकि उक्त प्रस्ताव में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

भवदीय

**(मनीष सिंह)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
बहराइच वन प्रभाग,बहराइच।

5725

**पृ0सं0– अ / उक्तदिनांकित ।**

**प्रतिलिपि**– वन संरक्षक, देवीपाटन वृत्त, उत्तर प्रदेश, गोण्डा को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**(मनीष सिंह)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
बहराइच वन प्रभाग,बहराइच।

5725

**पृ0सं0– ब / उक्तदिनांकित ।**

**प्रतिलिपि**– सुप्रीटेन्डिंग इंजीनियर, वर्ल्ड बैंक प्रोजेक्ट सर्किल, पी0डब्ल्यू0डी0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु वन भूमि उपलब्ध करवाने हेतु मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ कार्यालय सम्पर्क कर अग्रिम कार्यवाही करवाने का कष्ट करें।

**(मनीष सिंह)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
बहराइच वन प्रभाग,बहराइच।